Nai Dunia (Indore), 7th September 2013, Page-04

मिनिस्टर इन सिटी केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने यूपीए सरकार की जमकर की तारीफ

# आईआईटी कैंपस निर्माण में राज्य सरकार ने डाला अड़ंगा : थरूर

**इंदौर।** शुक्रवार को इंदौर आए केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री शशि थरूर ने अपनी सरकार के नौ साल के कामकाज की दिल खोलकर तारीख की। उन्होंने कहा कि रुपया वैश्विक कारणों से गिर रहा है हम बीते कामकाज को लेकर ही जनता से वोट मांगेंगे। केंद्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आईआईटी इंदौर के कैंपस निर्माण हो रही देरी प्रदेश सरकार द्वारा सहयोग नहीं मिलने के कारण हो रही है।

आईआईटी शिक्षकों और छात्रों द्वारा निर्मित रेडियो टेलीस्कोप के उद्घाटन के लिए थरूर इंदौर पहुंचे। दिल्ली लौटते हुए उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की। आसाराम द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर लगाए गए आरोपों पर थरूर बोले कि वे तो सिर्फ एक ही बापू को जानते हैं किसी आसाराम बापू को नहीं। श्री थरूर ने कहा कि रुपए का गिरना चिंताजनक है, लेकिन इसके लिए सरकार नहीं वैश्विक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं।

## सीमा पर दृष्टिकोण अलग

भारत-चीन सीमा विवाद और वास्तविक नियंत्रण रेखा के अंदर चीनी घुसपैठ पर श्री थरूर ने कहा कि यह विवाद काफी पुराना है। सीमा को लेकर भारत और चीन दोनों के दृष्टिकोण अलग हैं। सरकार चीन के साथ बैठकर विवाद हल करने की कोशिश में लगी है। अब तक दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच 15-16 बैठकें हो चुकी हैं।

## राजनीति ना करें

आईआईटी कैंपस निर्माण में हो रही देरी के सवाल पर श्री थरूर ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के चलते आईआईटी के प्रोजेक्ट में देरी हुई। भले ही आईआईटी केंद्र सरकार का है, लेकिन राज्य सरकार को शिक्षा में राजनीति नहीं करना चाहिए। -नप्र

## इंदौर आईआईटी से जुड़े और आईआईटी इंदौर से

### यहां बना टेलीस्कोप 10 गुना बेहतर

**इंदौर।** शुक्रवार को आईआईटी इंदौर में केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री शशि थरूर ने देश के तीसरे सबसे बड़े रेडियो टेलीस्कोप का उद्घाटन किया। श्री थरूर ने कहा कि आईआईटी के विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा बनाया गया यह टेलीस्कोप देश में मौजूद टेलीस्कोप से 10 गुना बेहतर है। टेलीस्कोप का उद्घाटन करते हुए थरूर ने कहा कि शिक्षक और छात्र रिसर्च करें। मंत्रालय उन्हें मदद देगा।



श्री थरूर ने कहा कि यह इंदौर के लिए गर्व की बात है। इंदौर को इस टेलीस्कोप से फायदा लेना चाहिए। श्री थरूर से जब कहा गया कि आईआईटी ही शहर से नहीं जुड़ रहा। निदेशक ने शहर के लोगों को तो क्या मीडिया को भी इससे दूर रखा। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आईआईटी स्थानीय लोगों के सहयोग से ही आगे बढ़ सकता है। वे इस बारे में निदेशक से चर्चा करेंगे।

### बनेगी आईआईएम काउंसिल

देश के सभी आईआईएम के नियामक निकाय के रूप में बनने वाली पैन-आईआईएम काउंसिल का गठन रुका नहीं है। श्री थरूर ने कहा कि यह सही है कि कई आईआईएम निदेशक विरोध में हैं, लेकिन उनका विरोध आईआईएम की अकादमिक स्वतंत्रता खत्म होने को लेकर है। इस बारे में बैठकों का दौर जारी है हम आपसी रजामंदी से इसका गठन चाहते हैं। आईआईएम इंदौर के निदेशक पर लगे आर्थिक और प्रशासनिक अनियमितता के सवाल पर श्री थरूर ने कहा कि इस बारे में उन्हें ज्यादा कुछ पता नहीं है। नए निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है सब कुछ प्रक्रिया अनुसार ही होगा।